No.V (II) Fin (LA) Vol-9 -7911-7914, dated 24-11-2018
Government of Himachal Pradesh,
Local Audit Department.

From:

The Director,
Local Audit Department,
H.P. Shimla-171009.

To

The Commissioner,
Municipal Corporation Dharamshala,
Kangra-176215

Dated, Shimla-171009, the, 24-11-2018

**Subject:-** **Audit and Inspection Report on the accounts of Municipal Corporation Dharmashala for the period 01.04.2016 to 31.03.2017.**

Sir,

I am directed to forward herewith the audit report on the accounts of Municipal Corporation Dharamshala, for the year 2016-17 for taking further necessary action at your end. You are also requested to submit annotated reply to the paras of the above audit report to this department at the earliest.

It is worthwhile mentioning that there are quite a large number of unsettled old audit paras which are not getting the required attention. Therefore, you are, requested to initiate an early action for time bound settlement of these paras.

Yours faithfully,

sd/-
(Dr.Suneel Kumar Angra)
Additional Director,
Local Audit Department,
Himachal Pradesh Shimla-171009.

**Encl: As above.**

Endst. No. as above, dated, 24-11-2018…Shimla-171009, the……..

Copy forwarded to :-

1. The Additional Chief Secretary (UD) to the Government of Himachal Pradesh for information and necessary action.
2. The Director, Urban Development, HP, Shimla-2 for information and necessary action.
3. The Senior Deputy Accountant General Local Bodies, Audit & Accounts, HP, Shimla-171003 for necessary technical guidance.

sd/-
(Dr.Suneel Kumar Angra)
Additional Director,
Local Audit Department,
Himachal Pradesh Shimla-171009.

# *Government of Himachal Pradesh*
## *Local Audit Department,*
## *Block No-38, S.D.A. Complex,*
## *Kasumpti, Shimla-171009*

# *Audit and Inspection Report on the Accounts of Municipal Corporation, Dharamshala*
# *for the Period 04/2016 to 03/2017*

# नगर निगम-धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अंकेक्षण अवधि 01/04/2016 से 31/03/2017

**1 प्रारम्भिक**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर निगम अधिनियम-1994 की धारा 161(3) सह पठित धारा 255 (1) व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376 /81- फिन ( एल०ए०) खण्ड –( ख) IV दिनांक 1 6.10.2008 द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर निगम धर्मशाला के अवधि 01-04-16 से 31-03-17 के लेखों का अंकेक्षण किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान आहरण एवं सवितरण अधिकारी के पद पर निम्नलिखित महापौर एवं आयुक्त कार्यरत रहे :-**

**(1) महापौर**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति रजनी व्यास | 01.04.16 से 31.3.17 |

**(2) आयुक्त**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | Sh. Rakesh Sharma (HAS) | 15.12.15 to 25.04.16 |
| 2 | Sh. Vikas Labru, (IAS) Commissioner (Additional Charge) | 27.04.16 to 07.08.16 |
| 3 | Sh. J.M.Pathania, (IAS) Commissioner | 09.08.16 to 20.02.17 |
| 4 | Sh.Lalit Jain, (IAS) Commissioner | 20.02.17 to 31.3.17 |

**(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण**

| क्र० सं० | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | पैरा संख्या | (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम निधि खाते की रोकड़ वही व बैंक शेष में पाए गए राशियों के अन्तर का मिलान/समाधान न करना | 5 (क)(I) से (xii) | विवरण में दिया गया है |
| 2 | Deposit Work निधि खाते की रोकड़ वही व बैंक शेष में पाया गया अन्तर | 5 (ख) | 50.91 |
| 3 | SBM निधि खाते की रोकड़ वही व बैंक शेष में पाया गया अन्तर | 5 (ङ॰) | 579.11 |
| 4 | सावधि जमा में निवेशित राशि पर अर्जित ब्याज से TDS की कटौती | 6 (ख) | 6.77 |
| 5 | दिनांक 31.03.17 को अनुदान की राशि व्यय हेतु शेष | 8 (ख) | 4348.27 |
| 6 | दिनांक 31.03.17 को गृह कर की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 9 | 233.81 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | दिनांक 31.03.17 तक दुकानों के किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 10 | 32.47 |
| 8 | दिनांक 31.03.17 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस वसूली हेतु शेष | 11 | 6.20 |
| 9 | विभिन्न कर्मचारियों को गलत वेतन निर्धारण के फलसवरूप वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान | 12 | 0.69 |
| 10 | M/s Zonta Infratech Pvt. Ltd. को बिना स्वामित्व के सामान की आपूर्ति हेतु किया गया भुगतान | 13 (ख) | 84.62 |
| 11 | मै॰ आवंथा फाउंडेशन को किए गए भुगतान का पूर्ण अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना | 14 | 7.77 |
| 12 | HIMUDA प्राधिकरण शिमला द्वारा वास्तविक जमा राशि से कम मूल व अर्जित ब्याज की राशि वापिस करने के कारण नगर निगम को हुई वितीय हानि | 15 | 199.92 |
| 13 | संविदाकार को किया गया अधिक भुगतान | 16 | 0.27 |
| 14 | नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों को निक्षेप निर्माण कार्यों हेतु जारी राशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त न करना | 17 | 2976.80 |
| 15 | गाड़ी स॰-HP-39D-3001 के रख-रखाव व कम mileage के कारण हुई वितीय हानि | 19 | 0.65 |
| 16 | नगर निगम में सम्मिलित ग्राम पंचायतों से सभा निधि की कम राशि प्राप्त करना | 20 | 5.17 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

नगर निगम द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

**भाग- दो**

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

नगर निगम धर्मशाला के अवधि 01.04.2016 से 31.03.2017 के लेखों अंकेक्षण श्री विजय कुमार वालिया, सहायक नियंत्रक, तथा श्री नरेन्द्र कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा दिनांक 15.03.18 से 19.05.2018 तक धर्मशाला मे किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं। लेखाओं के विस्तृत अंकेक्षण हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2016-17 | 03/2017 | 01/2017 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण नगर निगम द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई हैं, के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि.प्र. उत्तरदायी नहीं है। अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल विस्तृत जांच हेतु चयनित माह तक सीमित है।

**3 अंकेक्षण शुल्क**

नगर निगम के अवधि 01.04.16 से 31.03.17 के लेखाओं का अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹80600 आँका गया। उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करने हेतु इसे निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के नाम बैंक ड्राफ्ट बनाकर शिमला भेजने हेतु अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम से सहायक नियंत्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्या FIN(LA)C/K&C/2018-66 दिनांक 15-05-2018 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में नगर निगम ने ड्राफ्ट संख्या - 401801 दिनांक 18.05.2018 ₹80600 निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हि०प्र०) शिमला-171009 को प्रेषित कर दिया है ।

**4 वितीय विवरणियाँ**

नगर निगम अधिनियम-1994 के अंतर्गत तथा नगर निगम के Accounts Manual के पैरा 27.4 के अनुसार नगर निगम द्वारा निम्नलिखित वितीय विवरणियाँ तैयार की जानी आवश्यक थी:-

(i) Balance Sheet
(ii) Income & Expenditure Statement
(iii) Satement of Cash Flow Statement
(iv) Receipt & Payment Account
(v) Notes to Accounts.
(vi) Financial Performance Indicators.

सहायक नियंत्रक द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या-FIN(LA)K&C/2018-46 दिनांक 09.04.2018 व अनुस्मारक–1 तथा अंकेक्षण अधियाचना संख्या-FIN(LA)K&C/2018-53 दिनांक 24.04.2018 द्वारा आयुक्त, नगर निगम धर्मशाला से वितीय वर्ष 2016-17 की Balance Sheet व अन्य सम्बन्धित वितीय विवरणियां अंकेक्षण हेतू प्रस्तुत करने बारे अनुरोध किया गया था। इसके अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला के पत्र संख्या-V(11)-Fin(LAD)-Vol-8-2823 दिनांक 24.04.2018 द्वारा भी आयुक्त, नगर निगम धर्मशाला से पुन: अनुरोध किया गया कि उपरोक्त सभी वितीय विवरणियाँ अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की जाएँ, परन्तु नगर निगम द्वारा अंकेक्षण समाप्ति तक Balance Sheet व अन्य अपेक्षित वितीय विवरणियों को अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं की गई, जोकि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है I अत: यह परामर्श दिया जाता है कि उपरोक्त सभी वितीय विवरणियाँ यथाशीघ्र तैयार करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**5 वितीय स्थिति**

नगर निगम धर्मशाला द्वारा यथा **परिशिष्ट ख-1 (a)** द्वारा प्रस्तुत नगर निगम की विभिन्न निधि से अवधि 04/16 से 03/17 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**(क) Municipal Corporation Fund {परिशिष्ट 'ख'1 (a)}**

| **वित्तीय वर्ष -2016-17** | **राशि (₹)** |
|---|---|
| प्रारम्भिक शेष (01.04.16) | **165222349.86** |
| स्वय स्त्रोतों से प्राप्त आय | 19540709.00 |
| अनुदान राशि | 186992971.00 |
| विभिन्न निधि खातों की अनुदान राशि | 387616379.00 |
| अन्य | 60994150.00 |
| ब्याज | 4271267.00 |
| **कुल राशि** | **824637825.86** |
| व्यय | 103823679.00 |
| विभिन्न निधियों व सावधि जमा खातों को हस्तांतरित राशि | 461180000.00 |
| अंतिम शेष (31.03.17) | **259634146.86** |

**Bank Reconcilation Statement of Muncipal Corporation Fund as on 31.03.2017**

| Particulars | | Amount(₹) | |
|---|---|---|---|
| | **Balance as per Cash Book - as on 31.03.2017** | | **259634146.86** |
| **Add** | FDR's not accounted for in cash book upto 31.03.17) (**Annexure 'घ-1'** ) | (+) | 130569986.00 |
| **Add** | Interest accrued/credited on FDRs/ savings by banks but not entered in the cash book {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(i)**} | (+) | 1249606.00 |
| **Add** | Cheque issued but not presented in banks /cleared by banks for payment till 31.03.17 {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(ii)**} | (+) | 7027398.00 |
| **Add** | Amount deposited into banks but not entered in cash book till 31.3.17 {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(iii)**} | (+) | 15183651 |
| **Add** | Cheques/Refund/Amount credited by Banks but not entered in Cash Book till 31.3.17 {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(iv)**} | (+) | 107329333.00 |
| **Add** | Other misc. differences in the transactions recorded in the Cash Book Viz-a-Viz Bank Accounts (Debit side ) {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(v)**} | (+) | 1344206.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Less** | Amount drawn in excess from cash book for preparation of FDR but the FDR was actually made of lesser amount upto 31.03.16 (Para 4 (क)(vi) of Audit Report 4/2014 to 3/2016) | (-) | 36000.00 |
| **Less** | Amount shown as deposited into banks but credit not given by banks upto 31.03.2017{**Annexure 'ख 1(b)' Table-(vi)**} | (-) | 83060.00 |
| **Less** | Amount Debited by banks but not entered in cash book till 31.3.17 {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(viii)**} | (-) | 347924935.93 |
| **Less** | Amt. less deposited into bank {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(vii)**} | (-) | 13570.00 |
| **Less** | Other misc. differences in the transactions recorded in the Cash Book Viz-a-Viz Bank Accounts (credit side) {**Annexure 'ख 1(b)' Table-(v)**} | (-) | 335866.00 |
| **Less** | **Unreconciled Differences**<br>(i) Previous Differences-up to 31.03.14(As per Audit Report for the Period 4/12 to 3/14) = 1159010.72<br>(ii) Differences as on 31.03.2017= 25,911.25 | (-) | 1184921.97 |
| | Closing balance as per Bank Pass books, FDRs & cash in hand as on 31.03.2017 (as per detail given below) | | **172759972.96** |

**Detail of Closing balance as per Bank pass books, FDRs and Cash in hand as on 31.03.17**

| S. No. | Particulars | Amount(₹) |
|---|---|---|
| 1 | PNB A/C No. 3373000101035036 | 8274599.66 |
| 2 | PNB A/C No. 33730001010281291 | 6945.30 |
| 3 | PNB A/C No.-281926 | 9415510.00 |
| 4 | SBI A/C No.-202319 | 12169234.00 |
| 5 | PNB A/C No. 87385 | 422784.00 |
| 6 | HDFC A/C 62128 | 16721.00 |
| 7 | FDRs (Please see **Annexure-घ** MC Fund) | 142200203.00 |
| 8 | Cash in Hand | 253976.00 |
| | **Total** | **172759972.96** |

**उपरोक्त बैंक समाधान विवरणी के अवलोकन के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–**

**(I)** अंकेक्षण को **परिशिष्ट घ–1** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनाँक 31.03.17 तक विभिन्न बैंकों में सावधि जमा के रूप में ₹142200203 निवेषित थे जबकि रोकड़वही में केवल ₹11630217 ही गणना में लिए गए थे I इसका कारण सावधि जमा पर ₹130569986 के अर्जित ब्याज की राशि की रोक़ड़वही में इंद्राज/गणना नहीं किया जाना था जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है I अत: इसका समाधान अब उक्त वर्णित ब्याज की प्रविष्टि रोक़ड़वही में अतिशीघ्र करके सुनिश्चित किया जाए एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को न दोहराया जाए I

**(II)** गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2014 से 03/2016 तक के पैरा-4 के अनुसार दिनाँक 31.03.16 तक विभिन्न बैंकों में सावधि जमा के रूप में ₹11630217 निवेशित थे जबकि रोकड़वही में केवल ₹11164800 ही गणना में लिए गए थे। इसका कारण सावधि जमा पर ₹465417 के अर्जित ब्याज की राशि को रोक़ड़वही में इंद्राज/गणना नहीं किया जाना था। इसके अतिरिक्त अवधि 04/2016 से 03/2017 तक के दौरान विभिन्न बैंको द्वारा बचत खातों व सावधि जमा पर अर्जित ब्याज ₹784189 का जमा प्रदान किया गया था जिसकी रोकड़ बही में गणना नहीं की गई थी जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है I अतः इस प्रकार कुल ₹1249606 के अर्जित/प्राप्त ब्याज जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–ख–1 (b)** Table (i) में दिया गया है, की गणना रोकड़ बही में न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इसका समाधान अब वर्णित ब्याज की प्रविष्टि रोक़ड़वही में अतिशीघ्र करके सुनिश्चित किया जाए एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को न दोहराया जाए I

**(III)** वित्तीय वर्ष 2015-16 व 2016-17 के दौरान ₹7027398 का भुगतान, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण परिशिष्ट-ख-1 (b) Total (ii) में दिया गया है, चैक/RTGS द्वारा विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं व अन्य को किया गया था लेकिन जिनका दिनाँक 31.03.17 तक बैंक से भुगतान नहीं हुआ था। अतः परामर्श दिया जाता है कि वर्णित चैकों में जो चैक अब कालातीत हो चुके हैं उनका समाधान अब चैकों की राशि को रोकड़ बही के आय पक्ष में प्रविष्टि करके सुनिश्चित किया जाए।

**(IV)** वित्तीय वर्ष 2015-16 व 2016-17 के दौरान दिनाँक 31.03.17 तक ₹15183651, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट–ख–1 (b)** Table-(iii) में दिया गया है, विभिन्न बैंकों में जमा की गई थी परन्तु रोकड़ बही में इसकी कोई प्रविष्टि नहीं की गई थी I अतः वर्णित राशि की प्रविष्टियां रोकड़वही के आय पक्ष में करके इसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**(V)** वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान दिनाँक 31.03.17 तक ₹107329333 की राशियाँ, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट–ख–1 (b)** Table (iv) में दिया गया है, बैंक में जमा/क्रेडिट (Neft return, intt, FDR's matured etc) थीं लेकिन रोकड़वही में इसकी कोई प्रविष्टि नहीं की गई थी I अत: निगम द्वारा आन्तरिक स्तर पर छानबीन करवाने के उपरान्त वर्णित राशि की प्रविष्टियां रोकड़वही के आय पक्ष में करना सुनिश्चित किया जाए।

**(VI)** वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 व 2016-17 के दौरान दिनाँक 31.03.17 तक रोकड़ बही में दर्ज व उसके विरूद्ध बैंक खातों से चैक/RTGS द्वारा विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं, मनरेगा कर्मचारियों व अन्य को किए गए भुगतान में ₹1344206 (Dr.) व ₹335866 (Cr.) का अन्तर पाया गया, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट–ख–1** (b) Table –(V) के Debit व Credit Side में

दिया गया हैI इस अन्तर का मुख्य कारण भुगतान राशि को बैंक से कम/अधिक आहरण करना व बैंक में चैक भुगतान हेतु प्रस्तुत न करना इत्यादि था। अतः इस सम्बन्ध में आन्तरिक छानबीन करके वर्णित अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट करके अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाए।

**(VII)** गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2014 से 03/2016 तक के पैरा-4 के अनुसार ₹36000 रोकड़ बही में सावधि जमा में निवेश हेतु अधिक आहरित दर्शाई गई थी जिसे दिनाँक 31.03.17 तक भी न तो बैंक में जमा किया गया था और न ही वर्णित राशि का सावधि जमा में निवेश के समर्थन में सम्बन्धित बैंक की रसीद ही अंकेक्षण में प्रस्तुत की गई जोकि एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है तथा ऐसे में राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता I अत: वर्णित अनियमितता का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अविलम्ब विभागीय स्तर पर आंतरिक छानबीन उपरान्त उक्त राशि की प्रतिपूर्ति चूककर्ता से सुनिश्चित करके वापिस सम्बन्धित निधि खाते में जमा करवाई जाए I

**(VIII)** वित्तीय वर्ष 2015-16 व 2016-17 के दौरान ₹83060 के चैक, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट–ख–1 (b)-** Table (vi) में दिया गया है, बैंक में जमा करवाए गए थे लेकिन दिनांक 31.03.17 तक बैंक द्वारा उनका जमा प्रदान नहीं किया गया। अतः यह प्रकरण बैंक से उठाकर वर्णित जमा करवाई गई राशि बारे स्थिति स्पष्ट करके अपेक्षित आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए। इसके अतिरिक्त उक्त वर्णित राशि में से गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2014 से 03/2016 तक के पैरा-4 के अनुसार चैक संख्या 634925 दिनाँक 24.02.16 ₹54070 का भी बैंक द्वारा जमा प्रदान किया नहीं (Uncleared) दर्शाया गया था जबकि वास्तव में ये चैक बैंक में दिनांक 16.03.16 को ही जमा हो चुका था । अत: इस चैक की राशि को बैंक समाधान विवरण में दर्शाने का कोई औचित्य नहीं था जिस बारे भी स्थिति स्पष्ट करके उक्त राशि के अन्तर का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**(IX)** अंकेक्षण में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान दिनाँक 31.03.17 तक बैंक से ₹347924935.93 का भुगतान/हस्तांतरण चैक/RTGS के द्वारा विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं व अन्य को किया दर्शाया गया था लेकिन रोकड़वही में भुगतान दर्ज नहीं था, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट–ख–1(b)-**Total (viii) में दिया गया है I यह एक अत्यन्त गम्भीर वितीय अनियमितता का मामला है जिसके परिणामस्वरूप राशि के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता I अत: वर्णित भुगतान की निगम द्वारा आन्तरिक स्तर पर छानबीन करवाई जानी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न भुगतानों/व्यय को न्यायोचित ठहराया जाए व तदानुसार रोकड़वही के भुगतान पक्ष में प्रविष्टियां भी की जाए अन्यथा नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाए।

**(X)** वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान प्राप्त राशि में से ₹13570 बैंक में कम जमा करवाए गए थे, जिनका विस्तारपूर्वक विवरण बैंक **परिशिष्ट–ख-1(b)-** Table ( vii) में दिया गया है I अत: इस प्रकरण में अविलम्ब विभागीय स्तर पर आंतरिक छानबीन उपरान्त उक्त कम जमा करवाई गई ₹13570 की प्रतिपूर्ति चूककर्ता से सुनिश्चित करके वापिस सम्बन्धित निधि खाते में जमा करवाई जाए I

**(XI)** बैंक समाधान विवरणी में दिनांक 31.03.1 7 तक ₹1184921.97 का असमाधान अन्तर (unrecinciled difference) दर्शाया गया था जिसमें गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2012 से 03/2014 तक के पैरा-4 के अनुसार ₹1159010.72 का अन्तर तथा वर्तमान अंकेक्षण अवधि दिनांक 31.3.17 को ₹25911.25 का अन्तर शामिल था जिसका समायोजन दिनांक 31.03.17 तक नहीं किया गया था जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है तथा ऐसी स्थिति में इस राशि के

दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता I अतः वर्णित अन्तर की राशि बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए I

**(XII)** अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचनानुसार नगर निगम के बैंक खातों, सावधि जमा तथा हस्तगत रोकड़ के रूप में दिनांक 31.3.17 को ₹172759972.96 का अन्तिम शेष दर्शाया गया था, जिसका विस्तृत विवरण उपरोक्त बैंक समाधान विवरणी के नीचे दिए table में वर्णित है I इस अन्तिम शेष के समर्थन में सम्बन्धित बैंक से प्राप्त प्रमाण पत्र व सावधिक जमा रसीदें// प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके अभाव में उक्त अन्तिम शेष का सत्यापन सम्भव न हो सका I अतः परामर्श दिया जाता है की सम्बन्धित बैंको से अपेक्षित प्रमाण पत्र व रसीदें प्राप्त करके अन्तिम शेष को सत्यापित किया जाए तथा कृत कार्यवाही की आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना करवाई जानी सुनिश्चित की जाए I

**(ख) Deposit Work Fund (परिशिष्ट ‘ख’-II)**

| **वित्तीय वर्ष-2016-17** | **(₹)** |
|---|---:|
| प्रारम्भिक शेष (01.04.16) | 69253860.90 |
| अनुदान राशि | 4298967.00 |
| नगर निगम निधि खाते से प्राप्त अनुदान राशि | 30146639.00 |
| अन्य | 50125729.00 |
| ब्याज | 9816538.00 |
| **कुल राशि** | **163641733.90** |
| व्यय | 8911119.75 |
| सावधि जमा खाते को हस्तांतरित राशि | 9900000.00 |
| अंतिम शेष (31.03.17) | 144830614.15 |
| दिनांक 31.03.17 को रोकड़ वहियों में अन्तिम शेष | 144830614.15 |
| दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष | 149921525.38 |
| अन्तर | ₹5090911.23 |

| **बैंक खाता संख्या** | **राशि (₹)** |
|---|---:|
| PNB A/C No. 140408 | 5140739.12 |
| KCCB A/C No. 012820 | 706787.00 |
| ICICI A/C No. 1000369 | 5526.26 |
| J &K Bank A/C No. 001722 | 18698.00 |
| IDBI A/C No. 022701 | 286433.00 |
| UCO Bank A/C No. 010242 | 965340.00 |
| ALLAHBAD Bank A/C No. 316516 | 3582169.00 |
| J&K Bank A/C No. 001737 | 51028.00 |
| FDR,S (Please see **annexure “घ”)** | 139164805.00 |
| **कुल राशि** | **149921525.38** |

**Bank Reconciliation Statement as on 31.03.17**

| Particulars | Dr.(₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|
| Balance as per Cash Book | 144830614.15 | - |
| FDR's & interest accrued on various FDR's but not entered in cash book upto 31.03.17 | 1509096.00 | |
| Interest on FDR's credited to Saving a/c Allahabad bank during 2016-17 but not entered in cash book up to 31.03.17 | 146487.00 | |
| TDS deducted on FDR's by KCCB-853390 during 2016-17 | | 2143.00 |
| TDS deducted on FDR's by Allahabad-700158 during 2016-17 | | 18829.00 |
| Amount of Grants received but not entered in cash book (14th FC on 10/2015) upto 31.03.17. | 3456300.00 | |
| Balance as per pass book (139164805+10756720.38) | | 149921525.38 |
| Difference | 0.23 | |
| **Total Rs....** | **149942497.38** | **149942497.38** |

**(I)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनाँक 31.03.17 तक विभिन्न बैंकों में सावधि जमा के रूप में ₹139164805 निवेशित थे जबकि रोकड़वही में केवल ₹137655709 का ही निवेश दर्शाया गया था जिसका मुख्य कारण सावधि जमा पर ₹1509096 की अर्जित व पुनः निवेशित ब्याज की राशि का रोक़ड़वही में इंद्राज नहीं करना था जोकि एक अनियमितता है I अत: उक्त वर्णित ब्याज की अपेक्षित प्रविष्टियां रोक़ड़वही में अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को न दोहराया जाए I

**(II)** अंकेक्षण में पाया गया कि वर्ष 2016-17 के दौरान FDR संख्या-700158 इलाहाबाद बैंक व KCCB खाता संख्या-853390 में सावधि जमा निवेश में निवेशित राशि पर अर्जित ब्याज से क्रमशः ₹18829 व ₹2143 TDS की कटौती की गई थी जिसकी प्रविष्टियां रोक़ड़वही में नहीं की गई थी I इसके अतिरिक्त वर्ष 2016-17 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर अर्जित ब्याज ₹146487 को इलाहाबाद बैंक के बचत खाते में जमा किया गया था परन्तु जिसकी प्रविष्टि भी रोक़ड़वही में नहीं की गई थी I अत: यथाशीघ्र अपेक्षित कार्यवाही करके स्थिति स्पष्ट की जाए I

**(III)** अंकेक्षण में पाया गया कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2014 से 03/2016 तक के पैरा-4 के अनुसार माह 10/15 में 14th FC अनुदान के रूप में प्राप्त ₹3456300 का रोक़ड़वही में दिनांक 31.3.17 तक भी इंद्राज नहीं किया गया था जोकि गम्भीर अनियमितता है I अत: उक्त अनुदान राशि की प्रविष्टि रोक़ड़वही में अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करें I

**(ग) IDSMT Fund (परिशिष्ट 'ख'-II)**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | ब्याज (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 3226476.32 | 524541 | 84001 | 3835018.32 | 2332156.68 | 1502861.64 |
| दिनांक 31.03.17 को रोकड़ वहियों में अन्तिम शेष | | | | | | ₹1502861.64 |
| दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष (PNB A/c No. 3373000100050026) | | | | | | ₹1487485.94 |
| **अन्तर** | | | | | | **₹15375.70** |

**Bank Reconciliation Statement as on 31.03.17**

| **Particulars** | **Dr. (₹)** | **Cr. (₹)** |
|---|---|---|
| Balance as per Cash Book | 1502861.64 | - |
| Income received on 31.03.16 but deposited on 06.04.16 in MC fund a/c | | 3541 |
| Income received but deposited in MC Fund<br>1. Receipt No. 45/37 Dated 02.02.16 Rs. 940<br>2. Receipt No. 40/41 Dated 09.02.16 Rs. 890<br>3. Receipt No. 46/118 Dated 09.02.16 Rs.10000 | | 11830 |
| Balance as per pass book: | | 1487485.94 |
| Difference | | 4.70 |
| **Total** | **1502861.64** | **1502861.64** |

**(I)** बैंक समाधान विवरणी का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.16 को ₹3541 तथा दिनांक 02.02.16 व 09.02.16 को कुल ₹11830 IDSMT की रोकड़ वही में प्राप्ति पक्ष में दर्ज थे I लेकिन यह राशि दिनांक 06.04.16 को IDSMT की अपेक्षा नगर निगम निधि के बैंक खाते में जमा करवाई गई थी I अत: आन्तरिक स्तर पर छानबीन करने के उपरान्त इस राशि का MC fund से IDSMT Fund को हस्तांतरण करके समाधान किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) SJSRY/NULM Fund (परिशिष्ट 'ख'-II )**

| Year | Opening balance (₹) | Grants (₹) | Amt. Trf fro MC fund (₹) | Interest (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Amt.trf to HIMUDA (₹) | Closing balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 2917893.62 | 13578000 | 144000 | 147926 | 16787819.62 | 1875876.43 | 10000000 | 4911943.19 |

**Closing Balances of SJSRY /NULM Fund as per Cash Book & Bank A/c**

| | | |
|---|---|---|
| Balance as per Cash Book | | Rs.4911943.19 |
| Balance as per Pass Book | | |
| (i) PNB A/c No. 3373000101060002 | Rs. 458902.12 | |
| | | |
| (ii) OBC A/c No. 10292191010396 | Rs. 2764468.00 | |
| (iii) FDR'S NO 6750035(OBC) | Rs 2418939.00 | Rs.5642309.12 |
| Difference | | Rs. 730365.93 |

## Bank Reconciliation Statement as on 31.03.17

| Particulars | | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|---|
| Balance as per Cash Book | | 4911943.19 | |
| Cheque issued but not presented for payment till 31.3.17<br>Cheque No. 006127 Dt. 01/2017 Rs. 2100<br>Cheque No. 854243 Dt. 02/2017 Rs.16328<br>Cheque No. 855126 Dt. 31.03.2017 Rs.27110<br>Cheque No. 854205 Dt. 08.03.2016 Rs. 500 | | 46038.00 | |
| Amt. of grant credited in bank on dt.22.03.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 200000.00 | |
| Amt. of revolving fund returned/credited by bank on dt.23.02.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 50000.00 | |
| Amt. of cheque paid Rs.10030 by bank instead of Rs.10040 on dt. 02/2017 ch.no.854245. | | 10.00 | |
| Amt.through NEFT returned/credited by bank on dt.21.03.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 4419.00 | |
| Amt.through NEFT returned/credited by bank on dt.16.02.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 4419.00 | |
| Amt.through NEFT returned/credited by bank on dt.18.03.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 7000.00 | |
| Amt.through NEFT returned/credited by bank on dt.14.02.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 1623.00 | |
| Amt.through NEFT returned/credited by bank on dt.22.03.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 412.00 | |
| Interest credited by bank on dt.02.02.17 but not entered in cash book (OBC) till 31.3.17 | | 10133.00 | |
| Interest credited by bank on dt.23.02.17 but not entered in cash book (OBC) | | 19655.00 | |
| Interest credited by bank but not entered in cash book (PNB) till 31.3.17:- | | 13458.00 | |
| Date | Amount (₹) | | |
| 08.07.16 | 4490 | | |
| 03.12.16 | 4486 | | |
| 03.03.17 | 4482 | | |
| Amt.of SMS charges reversed/cr. by bank on dt.19.10.16 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 170.00 | |
| Amt.paid through RTGS on dt.13.02.17 but debited in PNB (MC fund) instead of SJSRY/NULM fund. | | 11328.00 | |

| | | |
|---|---|---|
| FDR's matured on dt.08.02.17, maturity value credited in bank A/C but not entered in cash book till 31.3.17. | 10196970.00 | |
| Bank charges debited by bank on dt.07.10.16 & 07.01.17 (17.25+17.25) but not entered in cash book till 31.3.17. | | 34.50 |
| Bank charges debited by bank on dt.13.02.17 but not entered in cash book till 31.3.17. | | 173.00 |
| Interest accrued on FDR's upto 31.03.17 & Re-invested but not entered in cash book till 31.3.17 | 164939.00 | |
| Round off | | 0.57 |
| Balance as per pass book(458902+2764468+2418939) | | 5642309.12 |
| **Total** | **5642517.19** | **5642517.19** |

बैंक समाधान विवरणी के अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियतिताएँ पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

**(I)** दिनांक 31.03.17 तक ₹46038 व ₹11328 के क्रमशः जारी चैक व RTGS भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत/Clear नहीं किए गए थे, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण उक्त बैंक समाधान विवरणी में दिया गया है I परन्तु चैक संख्या-854205 दिनांक 08.03.16 ₹500 कालातीत हो चुका है व दिनांक 31.2.17 को ₹11328 का RTGS भुगतान SJRY/NULM की अपेक्षा नगर निगम निधि खाते से किया गया था I अत: उक्त कालातीत चैक की राशि को रोकड़ बही के आय पक्ष में प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें व ₹11328 RTGS भुगतान हेतु आन्तरिक स्तर पर छानबीन करने के उपरान्त इस राशि को MC Fund को हस्तांतरित किया जाए।

**(II)** दिनांक 22.03.17 व 23.02.17 को ₹200000 व ₹50000 की अनुदान राशियाँ बैंक खाते में जमा की गई थीं लेकिन इन की प्रविष्टियां रोकड़ बही में नहीं की गई थी I अत: यथाशीघ्र उक्त प्राप्त अनुदान राशि की प्रविष्टियां रोकड़ बही के आय पक्ष में करना सुनिश्चित किया जाए I

**(III)** वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान NEFT Return की राशि ₹17873 (4419+4419+7000+1623+412) व ब्याज की ₹43246 (10133+19655+13458) बैंक खाते में क्रेडिट/जमा थीं लेकिन जमा राशि की प्रविष्टियां रोकड़ बही में नहीं की गई थी I अत: आंतरिक स्तर पर छानबीन करके वर्णित राशि की प्रविष्टियां रोकड़ बही के आय पक्ष में करना सुनिश्चित किया जाए I

**(IV)** दिनांक 08.02.17 को सावधि जमा योजना में निवेशित ₹10196970 की परिपक्वता पर बैंक खाते में हस्तांतरित करके जमा की गई थी लेकिन इस राशि की प्रविष्टि रोकड़ बही में नहीं की गई जोकि गम्भीर वितीय अनियमितता है I अतः इस राशि की प्रविष्टि रोकड़ बही के प्राप्ति पक्ष में की जानी सुनिश्चित की जाए I

**(V)** दिनाँक 31.03.17 तक OBC बैंक में सावधि जमा के रूप में ₹2418939 निवेश की गई थी जबकि रोकड़वही में केवल ₹2254000 ही दर्शाई गई थी I इसका मुख्य कारण FDR की परिपक्वता पर अर्जित व पुनः निवेशित ब्याज ₹164939 का रोक़ड़वही में गणना नहीं किया जाना था जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है I अत: उक्त वर्णित ब्याज प्राप्ति व पुनः निवेश की प्रविष्टियां रोक़ड़वही में अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को न दोहराया जाए I

**(VI)** दिनांक 19.10.16, 7.10.16, 07.01.17 व 13.02.17 को बैंक द्वारा खाते में क्रमशः ₹170, ₹34.50 (17.25+₹17.25) व ₹173 बैंक शुल्क DR./Cr. किये गए थे परन्तु रोकड़ बही में जिनकी कोई प्रविष्टि नहीं की गई थी। अतः इसका समाधान रोकड़ बही में अपेक्षित प्रविष्टियाँ करके किया जाना सुनिश्चित किया जाएः–

**(ड.)SBM Fund (परिशिष्ट 'ख'-II )**

| Year | Opening Bal. (₹) | Grant (₹) | Amt. Trf fro MC fund (Grants) (₹) | Other (₹) | Interest (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Amt.trf to FDR's & other a/cs (₹) | Closing Bal. (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 0 | 0 | 61911680 | 15300060 | 97043 | 77308783 | 4391903 | 72640113 | 276767 |

**Closing Balances of SBM Fund as per Cash Book & Bank A/c**

| | |
|---|---|
| Balance as per Cash Book | Rs.276767 |
| Balance as per Pass Book/FDRS | Rs.58187423 |
| Punjab & Sindh bank A/c No. 0000822 | Rs. 278767 |
| FDR'S NO (Pls see **annexure " घ"**) | Rs 57908656 |
| Difference | Rs. 57910656 |

**Bank Reconciliation Statement on 31.03.17**

| Particulars | Dr.(₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|
| Balance as per Cash Book | 276767 | |
| Amount reversed/credited by bank on dt.07.12.16 but not entered in cash book. | 2000 | |
| Amt. of FDR's & interest accrued on FDR's but not accounted for in cash book upto 31.03.17 | 57908656 | |
| Balance as per pass book (278767+57908656) | | 58187423 |
| **Total** | **58187423** | **58187423** |

**(I)** अंकेक्षण में पाया गया कि दिनांक 07.12.16 को ₹2000 बैंक खाते में वापिस/जमा प्रदान किया गया था जिस की प्रविष्टि रोकड़ बही में नहीं की गई थी I अत: राशि की प्रविष्टि रोकड़वही के आय पक्ष में करना सुनिश्चित किया जाए I

**(II)** अंकेक्षण में पाया गया कि दिनाँक 31.03.17 तक विभिन्न बैंको में सावधि जमा व अर्जित ब्याज के रूप में ₹57908656 निवेशित थे जिसकी रोकड़वही में गणना नहीं की गई थी जोकि गम्भीर वितीय अनियमितता है I अत: यथा शीघ्र उक्त राशि की प्रविष्टियां रोक्ड़वही के प्राप्ति पक्ष में करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को न दोहराया जाए।

**(च) PMAY Fund (परिशिष्ट 'ख'-II)**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | ब्याज (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 0 | 6617100 | 43222 | 6660322 | 0 | 6660322 |
| दिनांक 31.03.17 को रोकड़ वहियों में अन्तिम शेष | | | | | | ₹6660322 |
| दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में शेष (PNB A/c No. | | | | | | ₹6660322 |

| | | |
|---|---|---|
| 3373000101080811) | | |
| **अन्तर** | | NIL |

**(छ) GPF/CPF**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | GPF निधि | |
| | closing balance as per ledger on 31.03.17 | Rs.8679919 |
| | closing balance as per pass book on 31.03.17 | Rs.7965194 |
| | (i) Seving A/C KCCB 20075043062=₹4409918.00 | |
| | (ii) FDR (**Anne. "घ")=**3555276.00 | |
| | **Difference** | **Rs.714725** |
| (ii) | CPF निधि | |
| | closing balance as per ledger on 31.03.17 | Rs.20052711 |
| | closing balance as per pass book on 31.03.17 | Rs.24796566.26 |
| | (i) Seving A/C KCCB 20075050444=₹7854362.26 | |
| | (ii) FDR (**Anne. "घ")=**16942204.00 | |
| | **Difference** | **Rs.4743855.26** |

GPF/CPF की खातावहियों व पास बुकों का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.17 को **परिशिष्ट "ख–II"** में वर्णित विवरण अनुसार GPF के शेष में ₹14725 व CPF के शेष में ₹4743855 का अन्तर पाया गया जिसका बैंक खातों से मिलान नहीं किया गया था जोकि गम्भीर अनियतिता है। अतः वर्णित अनियतिता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इन खातों का अविलम्ब मिलान करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए I

**6 निवेश**

(क) दिनांक 31.03.17 को नगर निगम धर्मशाला की विभिन्न निधियों से सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का विवरण निम्न प्रकार से है जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट 'घ'** में दिया गया है।

**Detail of closing balance of FDR's as on 31.03.2017**

**(i) Deposit Work Fund**

| Sr. No. | FDR No. | Date of Investment | Principal Amt (₹) | Rate of Amt. (%) | Maturity Date | Maturity Value (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 853390 (KCCB)-old | 09.11.2016 | 435044 | 7.50% | 09.11.17 | 468601 |
| 2 | 853651 (KCCB)-old | 26.03.17 | 1495076 | 6.50% | 26.03.18 | 1594650 |
| 3 | 700158 (ALLAHBAD BANK)-old | 10.05.16 | 2296368 | 7.45% | 10.05.17 | 2472852 |
| 4 | 901011066 PNB-old | 19.08.2016 | 5022250 | 7.30% | 19.08.17 | 5399033 |
| 5 | 3570106-IDBI-old | 10.04.16 | 3266440 | 7.75% | 10.04.17 | 3527042 |
| 6 | Allahabad-671584 | 16.02.17 | 2500000 | 6.5% | 16.02.18 | 2500000 |
| 7 | 744358 UCO BANK-old | 23.02.17 | 4268553 | 6.90% | 13.05.18 | 4641116 |
| 8 | PNB337300PU00015302-old | 16.02.17 | 40549025 | 4.5% | 16.02.18 | 42404755 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | PNB-3373300PU00019371-old | 02.11.2016 | 3732049 | 6.60% | 02.11.17 | 4008099 |
| 10 | UCO-24670310008294 | 21.07.16 | 10000000 | 7% | 21.07.17 | 10718590 |
| 11 | PUNJ & SINDH-11681400000380 | 08.07.16 | 9000000 | 7.55% | 08.07.17 | 9698982 |
| 12 | PUNJ & SINDH-11681400000384 | 25.07.16 | 6700000 | 7.40% | 25.07.17 | 7209729 |
| 13 | PNB-KNR-2338000R00000148 | 09.03.17 | 9900000 | 6.35% | 09.03.18 | 9900000 |
| 14 | PNB-KNR-2338000R00000157 | 12.03.17 | 9900000 | 6.35% | 12.03.18 | 9900000 |
| 15 | PNB-KNR-2338000R00000166 | 14.03.17 | 200000 | 6.35% | 14.03.18 | 200000 |
| 16 | PNB-PU00026326 | 04.03.17 | 9900000 | 7.0% | 04.03.18 | 10611404 |
| 17 | ALLAHABAD-50350528165 | 26.08.16 | 9000000 | 7.25% | 26.08.17 | 9670455 |
| 18 | ALLAHABAD-50348302878 | 08.02.17 | 1000000 | 6.50% | 07.08.17 | 1000000 |
| 19 | OBC-10293031024726 | 10.05.16 | 10000000 | 7.16% | 10.04.18 | 11453371 |
| | **Total Rs.....** | | **139164805** | | | |

## (ii) MC Fund

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PU11971 (PNB)-old/901702039/20021(NEW) | 5915943 | 26.08.16 | 7.30% | 26.08.17 | 6359774 |
| 2 | 50284505062 (Allahabad Bank)-old | 5000000 | 07.12.16 | 6.75% | 07.06.17 | 5000000 |
| 3 | 1024450(OBC)-old | 64800 | 28-03-16 | 7.5% | 28-02-18 | 74739 |
| 4 | 1024405 (OBC)-old | 300000 | 23-03-16 | 7.75% | 23-02-18 | 347647 |
| 5 | 1024429 (OBC)-old | 800000 | 23-03-16 | 7.75% | 23-02-18 | 927060 |
| 6 | PNB-PU00023471 | 9900000 | 11.08.16 | 7.0% | 11.05.17 | 10428899 |
| 7 | PNB-PU00026335 | 9900000 | 04.03.17 | 7.0% | 04.03.18 | 10611404 |
| 8 | PNB-PU00026344 | 9900000 | 04.03.17 | 7.0% | 04.03.18 | 10611404 |
| 9 | UCO-24670310007983 | 30000000 | 19.05.16 | 7% | 19.05.17 | 32155771 |
| 10 | OBC-10293021001713 | 10365196 | 20.02.17 | 5.31% | 22.05.17 | 10502417 |
| 11 | OBC-10293021001720 | 10054264 | 22.08.16 | 6.91% | 22.08.17 | 10749014 |
| 12 | PNB-KNR-PU00014765 | 9000000 | 17.06.16 | 7.50% | 17.06.17 | 9694223 |
| 13 | PNB-KNR-PU00014686 | 9000000 | 13.06.16 | 7.50% | 13.06.17 | 9694223 |
| 14 | PNB-KNR-PU00015445 | 2000000 | 26.08.16 | 7.30% | 26.08.17 | 2150046 |
| 15 | HDFC-50300159727205 | 10000000 | 29.08.16 | 7.25% | 29.08.17 | 10744233 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | HDFC-50300159726675 | 10000000 | 29.08.16 | 7.25% | 29.08.17 | 10744233 |
| 17 | HDFC-50300159727490 | 10000000 | 29.08.16 | 7.25% | 29.08.17 | 10744233 |
| | **Total Rs.** | **142200203** | | | | |

**(iii) SBM Fund**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PNB-PU00023903 | 28060144 | 09.03.17 | 4% | 09.06.17 | 28339977 |
| 2 | ALLAHABAD-50348302878 | 9800000 | 12.08.16 | 7.25% | 12.08.17 | 10530051 |
| 3 | ALLAHABAD-50348303292 | 9800000 | 12.08.16 | 7.25% | 12.08.17 | 10530051 |
| 4 | PUNJ & SINDH-430364 | 5124256 | 14.03.17 | 5.25% | 14.06.17 | 5191176 |
| 5 | PUNJ & SINDH-430365 | 5124256 | 20.03.17 | 5.25% | 20.06.17 | 5191176 |
| | **Total Rs.....** | **57908656** | | | | |

**(iv) SJSRY/NULM**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6570035 (OBC)-old | 2418939 | 14.01.17 | 2498193 | 14.07.17 | 6.50% | Pre-matured on dt.11.04.17 |

**(v) GPF/CPF**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50061755787-KCCB-old-Dari –GPF | 3555276 | 31.07.16 | 7.50% | 31.07.17 | 3830139 |
| 2 | 10293031023842-OBC-old-CPF | 5398908 | 20.01.17 | 7.0% | 20.01.18 | 5786868 |
| 3 | 50055218570 /966-KCCB-old-CPF | 9821306 | 31.03.17 | 6.50% | 31.03.18 | 10475236 |
| 4 | 50055218717-KCCB-50059274358-old-CPF | 1721990 | 31.03.17 | 6.50% | 31.03.18 | 1825645 |
| | **Total Closing balance** | **20497480** | | | | |

**(ख)** अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "घ"** में दिये गए सावधि निवेश के विवरण अनुसार विभिन्न बैंकों द्वारा सावधि जमा से स्त्रोत पर आय कर के रूप में कुल ₹676968 कटौती (TDS) की गई थी जोकि अनियमित है क्योंकि निगम की आय आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत कर मुक्त है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या- FIN(LA)C/K&C/2018-63 दिनांक 07.05.2018 द्वारा निगम से यह प्रकरण सम्बन्धित बैंकों से उठाकर समाधान करने का अनुरोध किया गया था जिसके प्रतिउत्तर में नगर निगम ने पत्रांक संख्या-1695 दिनांक 17.05.2018 द्वारा सूचित किया कि इलाहाबाद बैंक ने दिनांक 19.05.2018 को चैक संख्या-631622 के माध्यम से स्त्रोत पर आयकर कटौती (TDS) की राशि में से ₹54654 का Refund दे दिया है I अत: परामर्श दिया जाता है कि अन्य संबधित बैंकों से भी शेष TDS की राशि को वापिस प्राप्त करने हेतु आवश्यक कदम उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7 गत वर्षों की आय-व्यय का विवरण**

नगर निगम धर्मशाला के तीन वर्षों (अवधि 04/14 से 03/17 तक) के कुल आय-व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | आय (₹) | व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 2014-15 | 29765255 | 221713900 |
| 2015-16 | 42460404 | 167699562 |
| 2016-17 | 19540709 | 121685519 |

वर्ष 2014-15 की तुलना में वर्ष 2015-16 में नगर निगम की आय/प्राप्तियों में 42.65% की वृद्धि हुई जबकि वर्ष 2016-17 की आय/ प्राप्तियों में (-)34.35% की कमी हुई है जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है I अत: वर्ष 2016-17 में आय/ प्राप्तियों में हुई कमी के कारणों का पता लगाकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8 अनुदान**

**(क)** नगर निगम धर्मशाला को अंकेक्षणाधीन अवधि 04/16 से 03/17 तक के दौरान अनुदान की प्राप्ति, व्यय तथा अन्तशेष की स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिनका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट 'ग'** में दिया गया है :-

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्त अनुदान (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 209306645 | 602818639 | 812125284 | 377298293 | 434826991 |

**(ख) दिनांक 31.3.17 को अनुदान ₹4348.27 लाख उपयोग हेतु शेष**

अनुदान प्राप्त विवरणी **परिशिष्ट "ग"** के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्त्रौतों से प्राप्त अनुदान राशि में से ₹434826991 दिनांक 31.03.17 को उपयोग हेतु शेष थे जबकि अनुदानों से संबन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक अथवा दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है। इस प्रकार अनुदान का निर्धारित समय में उपयोग न करने के कारण जहां निधि का अवरोधन हुआ है वहीं लाभार्थी जनता को भी होने वाले लाभों से वंचित होना पड़ा है जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए अनपुयोग अनुदान राशि को सक्षम अधिकारी से समय बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात उन्हीं उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए जिस उद्देश्य के लिए इन्हें स्वीकृत किया गया है अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित विभाग को करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 गृह कर की बकाया ₹233.81 लाख वसूली हेतु शेष**

निगम की स्वः स्त्रोत से आय का मुख्य साधन गृहकर है तथा जिससे प्राप्त आय को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए खर्च किया जाता है लेकिन निगम द्वारा दिनांक 31.03.17 को **परिशिष्ट-"ड॰"** में दिए विवरणानुसार ₹23381156 गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष थी, जो कि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु तुरन्त ठोस कदम उठाए जाने सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10 दुकानों के किराये की बकाया ₹32.47 लाख वसूली हेतु शेष**

नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर दुकानों /स्टालों /खोखों इत्यादि का निर्माण किया गया है तथा जिन्हें किराये/पट्टे पर दिया गया है। नगर निगम द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "च"** में दिया गया है, के अनुसार दिनांक 31.03.17 को किराये के रूप में ₹3247158 विभिन्न किराएदारों से वसूली हेतु शेष थी। निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू०एल०बी० एच०ए० (7) -1/87-9237/9284 दिनांक 20.06.01 द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे लेकिन निगम द्वारा इस सम्बंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए थे जो कि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः परामर्श दिया जाता है कि वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जाएँ तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11 विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस की ₹6.20 लाख वसूली हेतु शेष**

मोबाइल टावरों के रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया कि दिनांक 31.03.17 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फ़ीस ₹620688 वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है तथा विस्तार पूर्वक विवरण **परिशिष्ट "छ"** पर दिया गया है:-

| क्रमांक | मोबाईल टावर का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | बी.एस.एन.एल.टॉवर. | (-) 45000 |
| 2 | Tata Indicom | 77188 |
| 3 | Reliance | 107500 |
| 4 | TATA Tel | 70000 |
| 5 | CNIL | 90000 |
| 6 | AIRCEL | 164000 |
| 7 | वोडफोन | 97000 |
| 8 | Reliance Jio | 60000 |
| | **कुल देय राशि** | **620688** |

अत: उक्त बकाया ₹620688 को वसूल करने हेतु तुरन्त ठोस कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**12 कर्मचारियों को ₹0.69 लाख के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान**

विस्तृत अंकेक्षण हेतु चयनित माह 01/2017 के वेतन बिलों का अंकेक्षण तथा नगर निगम के कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि कर्मचारियों को निम्न विवरणानुसार देय वेतन से अधिक वेतन का भुगतान किया गया था जिसकी पूर्ण जाँच-पड़ताल विभागीय स्तर पर करने के उपरान्त वर्णित अधिक भुगतान की राशि की वसूली सम्बन्धित से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

| क्रम संख्या | कर्मचारी का नाम | अधिक भुगतान की गई राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | श्री जोगिन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता | 32488 |
| 2 | श्री बलबीर सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता | 31621 |
| 3 | श्री प्रेम सिंह, सफाई कर्मचारी | 844 |
| 4 | श्री ओमप्रकाश, सफाई कर्मचारी | 844 |
| 5 | श्रीमति राम रत्ती, सफाई कर्मचारी | 844 |
| 6 | श्रीमति रीता, सफाई कर्मचारी | 844 |
| 7 | श्रीमति विमला देवी, सफाई कर्मचारी | 844 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | श्रीमति अंजू, सफाई कर्मचारी | 844 |
| | **कुल योग** | **69173** |

अधिक भुगतान की गई राशि का विवरण निम्न प्रकार से है:-

**(क)** उक्त क्रम संख्या 3 से 8 तक पर वर्णित छः सफाई कर्मचारियों को सेवा पुस्तिका के अनुसार माह 05/2015 में मूल वेतन व ग्रेड पे ₹9520+1650=11170 व 04/2016 व 04/2017 में क्रमशः ₹9860+1650=11510 व ₹10210+1650=11860 देय था जबकि निगम द्वारा इन कर्मचारियों को निम्न दरों से वेतन का भुगतान किया गया:-

| **Month** | **Basic pay+Grade pay=Total (₹)** |
|---|---|
| 04/2015 | 9530+1650=11180 |
| 04/2016 | 9870+1650=11520 |
| 04/2017 | 10220+1650=11870 |

इस अनियमितता के कारण माह 3/18 तक किए गए अधिक भुगतान का पूरा विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Period | Due | | | | Drawn | | | | Diff. | months | Amt. excess paid (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | | | |
| 05/15 to 06/15 | 11170 | 12622 | | 23792 | 11180 | 12633 | | 23813 | 21 | 2 | 42 |
| 07/15 to 12/15 | 11170 | 13292 | | 24462 | 11180 | 13304 | | 24484 | 22 | 6 | 132 |
| 01/16 to 03/16 | 11170 | 13963 | 894 | 26027 | 11180 | 13975 | 894 | 26049 | 22 | 3 | 66 |
| 04/16 to 06/16 | 11510 | 14388 | 921 | 26819 | 11520 | 14400 | 922 | 26842 | 23 | 3 | 69 |
| 07/2016 | 11510 | 14963 | 921 | 27394 | 11520 | 14976 | 922 | 27418 | 24 | 1 | 24 |
| 08/16 to 12/16 | 11510 | 14963 | 1496 | 27969 | 11520 | 14976 | 1498 | 27994 | 25 | 5 | 125 |
| 01/17 to 03/17 | 11510 | 15423 | 1496 | 28429 | 11520 | 15437 | 1498 | 28455 | 26 | 3 | 78 |
| 04/17 to 06/17 | 11860 | 15892 | 1542 | 29294 | 11870 | 15906 | 1543 | 29319 | 25 | 3 | 75 |
| 07/17 | 11860 | 16248 | 1542 | 29650 | 11870 | 16262 | 1543 | 29675 | 25 | 1 | 25 |
| 08/17 to 12/17 | 11860 | 16248 | 2016 | 30124 | 11870 | 16262 | 2017 | 30150 | 26 | 5 | 130 |
| 01/18 to 03/18 | 11860 | 16248 | 2491 | 30599 | 11870 | 16262 | 2493 | 30625 | 26 | 3 | 78 |
| **कुल योग** | | | | | | | | | | | **844** |

**(ख)** श्री जोगिन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता को माह 11/2016 से 03/2018 तक गलत दर से वेतन का भुगतान किया गया जबकि देय वेतन भुगतान निम्न दरों पर किया जाना अपेक्षित था:-

| **Month** | **Due**<br>**Basic pay+Grade pay=Total** | **Drawn**<br>**Basic pay+Grade pay=Total** |
|---|---|---|

| | (₹) | (₹) |
|---|---|---|
| 04/2016 | 20500+5400=25900 | 21250+5400=26250 |
| 04/2017 | 21280+5400=26680 | 22050+5400=27450 |
| 04/2018 | 22080+5400=27480 | 22080+5400=27480 |

इस प्रकार गलत दर से वेतन भुगतान करने के फलस्वरूप ₹32488 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया था, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Period | Due | | | | Drawn | | | | Difference (₹) | months | Amt. excess paid (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | | | |
| 11/16 to 12/16 | 25900 | 33670 | 3367 | 62937 | 26650 | 34645 | 3465 | 64760 | 1823 | 2 | 3646 |
| 01/17to 03/17 | 25900 | 34706 | 3367 | 63973 | 26650 | 35711 | 3465 | 65826 | 1853 | 3 | 5559 |
| 04/17 to 06/17 | 26680 | 35751 | 3468 | 65899 | 27450 | 36783 | 3569 | 67802 | 1903 | 3 | 5709 |
| 07/17 | 26680 | 36552 | 3468 | 66700 | 27450 | 37607 | 3569 | 68626 | 1926 | 1 | 1926 |
| 08/17 to 12/17 | 26680 | 36552 | 4536 | 67768 | 27450 | 37607 | 4667 | 69724 | 1956 | 5 | 9780 |
| 01/18 to 03/18 | 26680 | 36552 | 4536 | 67768 | 27450 | 37607 | 4667 | 69724 | 1956 | 3 | 5868 |
| कुल योग | | | | | | | | | | | **32488** |

**(ग)** श्री बलबीर सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता को माह 11/2016 से 03/2018 तक गलत दर से वेतन का भुगतान किया गया जबकि देय वेतन भुगतान निम्न दरों पर किया जाना अपेक्षित था:-

| **Month** | **Due** | **Drawn** |
|---|---|---|
| | Basic pay+Grade pay=Total (₹) | Basic pay+Grade pay=Total (₹) |
| 04/2016 | 21110+5400=26510 | 21860+5400=27260 |
| 04/2017 | 21910+5400=27310 | 22680+5400=28080 |
| 04/2018 | 22730+5400=28130 | 22730+5400=28130 |

इस प्रकार गलत दर से वेतन भुगतान करने के फलस्वरूप ₹31621 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया था, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Period | Due | | | | Drawn | | | | Difference (₹) | months | Amt. excess paid (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | Basic pay + G.P. (₹) | D.A. (₹) | I.R. (₹) | Total (₹) | | | |
| 11/16 to 12/16 | 26510 | 34463 | 1326 | 62299 | 27260 | 35438 | 1363 | 64061 | 1762 | 2 | 3524 |
| 01/17to 03/17 | 26510 | 35524 | 1326 | 63359 | 27260 | 36528 | 1363 | 65151 | 1792 | 3 | 5376 |
| 04/17 to 06/17 | 27310 | 36595 | 1366 | 65271 | 28080 | 37627 | 1404 | 67111 | 1840 | 3 | 5520 |
| 07/17 | 27310 | 37415 | 1366 | 66091 | 28080 | 38470 | 1404 | 67954 | 1863 | 1 | 1863 |
| 08/17 to 12/17 | 27310 | 37415 | 2458 | 67183 | 28080 | 38470 | 2527 | 69077 | 1894 | 5 | 9470 |
| 01/18 to 03/18 | 27310 | 37415 | 4643 | 69368 | 28080 | 38470 | 4774 | 71324 | 1956 | 3 | 5868 |
| कुल योग | | | | | | | | | | | **31621** |

**13 M/s. Zonta Infratech Pvt. Ltd.-Banglore द्वारा नगर निगम धर्मशाला के क्षेत्र में 70 जगहों/स्थानों पर डस्टबिन लगाने के कार्य के निष्पादन में पाई गई अनियमितताएं**

**(वाउचर संख्या-12, दिनांक 07.01.2017 ₹3578141)**

(क) अंकेक्षण को प्रस्तुत सम्बन्धित अभिलेख का अवलोकन करने पर पाया गया कि निदेशक, शहरी विकास विभाग –शिमला ने हि॰प्र॰ के धर्मशाला, सुंदरनगर और पौंटा साहिब शहरों में भूमिगत डस्टबिन स्थापित करने का कार्य M/s. Zonta Infratech Pvt. Ltd.-Banglore को वर्क आर्डर संख्या-UD/(H)(F)(10)1/14-1784 दिनांक 25.04.2016 द्वारा ₹159954804 में आबंटित किया गया था, **जिसमें धर्मशाला शहर में 70 स्थानों पर भूमिगत डस्टबिन स्थापित करने की कुल लागत ₹70663453 आँकी गई थी I** इस कार्य का अनुबंध दिनांक 08.06.2016 को हस्ताक्षरित किया गया तथा अनुबन्ध की शर्तानुसार कम्पनी यह कार्य 9 महीने के अंतर्गत पूर्ण कर देगी अन्यथा देरी के लिए कम्पनी पर अनुबन्ध राशि के 10% तक का जुर्माना लगाया जा सकता है जिसे कम्पनी के अन्तिम चलत बिल से काटा जाना निर्धारित किया गया I कार्य आरम्भ करने के लिए निदेशक, शहरी विकास विभाग –शिमला द्वारा दिनांक 29.08.2016 को कम्पनी को ₹10599518 का अग्रिम भुगतान धर्मशाला शहर के कार्य के लिए किया गया जिसको प्रथम चलित बिल में 12% ब्याज सहित वसूल किया जाना निर्धारित था I उपरोक्त कार्य के लिए निदेशक, शहरी विकास विभाग –शिमला से ₹61063935 दिनांक 28.06.2016 को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर निगम के खाता संख्या-337300010035036 PNB बैंक में हस्तांतरित करके प्राप्त हुये थे। नगर निगम धर्मशाला द्वारा M/s. Zonta Infratech Pvt. Ltd.-Banglore को प्रथम चलित बिल में ₹3578141 का भुगतान 30 न. भूमिगत डस्टबिन स्थापित करने के लिए निम्न विवरणानुसार दिनांक 07.01.2017 को किया गया था:-

| Particulars | Amount (₹) |
|---|---|
| Total amount of 1st running bill | 15610667 |
| Less:- Mobilization advance (Rs.10599518+Intt.449536 for 129 days). | (-) 11049054 |
| Less:- Sales tax @3% | (-) 468320 |
| Less:- Income tax @ 2.3% | (-) 359045 |
| Less:- Labour Cess @ 1% | (-) 156107 |
| Net bill amount paid Rs........................... | 3578141 |

इसी प्रकार नगर निगम धर्मशाला द्वारा M/s. Zonta Infratech Pvt. Ltd.-Banglore को दूसरे चलित बिल में ₹43277957 का भुगतान दिनांक 21.08.2017 को किया गया I दूसरे चलित बिल तक कम्पनी द्वारा कुल ₹61798455 का कार्य निष्पादित किया गया था जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Particulars | Qty. | Rate (₹) | % age of payment released | Amount released in 2nd running bill (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| i | Modern underground waste collection bin for solid waste collection in Dharamshala as well as associated civil works including bin emptying indicator and associated software Twin bin. | 70 | 457714.80 | 87.86% | 28149460 |
| ii | Supply delivery & installation of modern underground waste | 70 | 409544.50 | 87.86% | 25186987 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | collection bin for solid waste collection in Dharamshala as well as associated civil works including bin emptying indicator. | | | | |
| iii | Supply delivery of tipper truck with chassis GVW with cabin and hydraulically controlled tipper body & 10 to 12 ton crane. | 2 | 4977652 | 85% | 8462008 |
| | Gross Total Rs. | | | | 61798455 |
| | Less:- already paid vide 1st r/bill | | | | (-)15610667 |
| | Less:- i) Sales taxe@3%<br>ii) Income tax@2.3%<br>iii) Labour cess@1% | | 1385634<br>1062319<br>461878 | | (-) 2909831 |
| | **Net by cheque Rs......** | | | | **43277957** |

